आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 29.06.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र में सड़कों का विस्तार किया जाएगा।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी–नेट, सीएसआईआर यूजीसी–नेट, एनसीईटी परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- मौसम विभाग ने आज से 3 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया।

## अजय टम्टा

केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि नैनीताल के कैंची धाम के लिये टनल और बाइपास की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनने के बाद इसे तत्काल स्वीकृत किया जाएगा। अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र की सड़कों के विस्तार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा में बाइपास बनाने का काम किया जाएगा। इस बीच, केंद्रीय राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के साथ अल्मोड़ा में आयोजित जिला योजना की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में जिले के लिए चोहत्तर करोड़ पिचहत्तर लाख रूपये की योजनाओं का अनुमोदन किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री और कैबिनेट मंत्री ने विकास कार्यों को निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने कल जारी एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच होगी। यह परीक्षा इस महीने की 18 तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट अब 25 से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा भी स्थगित कर दी गई थी। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम–आईटीईपी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया था। यह परीक्षा

अब 10 जुलाई को होगी। एनटीए ने उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.nta.ac.in देखने की सलाह दी है।

## नियुक्ति पत्र–सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिले। श्री धामी ने आज देहरादून में एक सौ पैंसठ सहायक अभियंताओं और पांच कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए ये बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही हैं और युवाओं को समान अवसर मिल रहे हैं।

## राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राज्य में टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और हैली एंबुलेंस जैसे स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को और अधिक व्यापक स्तर पर किए जाने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। वे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त अंतर को कम करने के लिए अंतर विश्लेषण पर आज राजभवन में आयोजित परिचर्चा में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड के भौगोलिक परिदृश्य के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं को पंहुचाना बेहद चुनौतीपूर्ण है और इस तरह की परिचर्चा व मंथन से ही उसके

समाधान निकलेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस– ए.आई और तकनीकी का प्रयोग जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत और अपनी कार्यबल क्षमता को बढ़ाकर अंतर विश्लेषण को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित विषय विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में अंतर को कम किए जाने के लिए अपने–अपने विचार रखे।

**केंद्रीय पर्यटन मंत्री भेंट**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट कर उत्तराखण्ड में टूरिस्ट डेस्टिनेशन का दायरा बढ़ाने का अनुरोध किया गया। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से चारधाम में पर्यटन सुविधाओं के लिए सहयोग का भी आग्रह किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने श्री जोशी को सकारात्मक आश्वासन देते हुए राज्य से शीघ्र प्रस्ताव भेजने और मामले में जल्द कार्यवाही का भरोसा दिलायझं

## झील खतरा

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित पांच झीलों से भविष्य में बड़े पैमाने पर पानी के रिसाव की संभावना को देखते हुए उन्हें डिस्चार्ज किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन के सचिव डॉ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि वैज्ञानिक संस्थानों के अध्ययन के बाद राज्य में 13 ऐसी झीलें चिह्नित की गई थीं, जिन से खतरा बना हुआ है। इन झीलों को जुलाई में डिस्चार्ज किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार के आपदा के जोखिम से बचा जा सके। इनमें चमोली और पिथौरागढ़ की पांच झीलें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मामले में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सुरक्षा की दिशा में काम कर रहें है। इन पांचों झीलों को वैज्ञानिक तरीके से डिस्चार्ज किया जाएगा, ताकि आपदा का खतरा पैदा न हो।

## बायो फेंसिंग बांस रोपाई

टिहरी जिले के देवरी मल्ली में जंगलों की सुरक्षा, जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बायो फेंसिंग बांस की सघन रोपाई की गयी। ग्राम्य विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि बांस की रोपाई से क्षेत्र में भूमि संरक्षण, बाढ़ सुरक्षा और जल संरक्षण के साथ ही आय के स्रोत विकसित होंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बांस की सघन रोपाई से भविष्य में जल व जंगलों की सुरक्षा और आजीविका संवर्धन में मदद मिलेगी। साथ ही जंगली

जानवरों से खेती–बाड़ी की सुरक्षा भी होगी। उन्होंने कहा कि इस काम में ग्रामवासियों के सहयोग से खेतों की मेढ़ों पर डेढ़ किलोमीटर के हिस्से पर एक हजार बांस का पौधारोपण किया गया है।

**<u>उपचुनाव प्रशिक्षण</u>**

चमोली जिले में बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए 105 बूथों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। इसके लिए आज जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में 118 वेबकास्टिंग कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर प्रभात रावत ने वेब कास्टिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के साथ मतदेय स्थलों पर कैमरे के इंस्टॉलेशन, संचालन और नेट कनेक्टिविटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नोडल अधिकारी हेमंत मौर्य ने बताया कि मतदान के दिन 105 बूथों पर लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव निगरानी रखी जाएगी। उधर, हरिद्वार जिले में मंगलौर विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला कार्यालय में मतदान कार्मिकों का दूसरा रेण्डमाइजेशन किया गया। इसके माध्यम से एक सौ पिचहत्तर मतदान पार्टियों का गठन किया गया।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवी कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात कार्यक्रम की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

**नए आपराधिक कानून जागरुकता**

आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों के संबंध में नैनीताल पुलिस ने आज जिले के विभिन्न थाना–चौकियों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये। इस दौरान स्थानीय लोगों और पर्यटकों को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जागरूक किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक, न्याय एवं यातायात, हरबंस सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने थाना भवाली के टैक्सी स्टैंड, नगर पालिका मैदान में चल रहे मेले, नैनीताल के मल्लीताल बाजार और रिक्शा स्टैंड सहित जिले के कई अन्य क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रमों

का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने स्थानीय लोगों, टैक्सी चालकों और पर्यटकों को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी।

## अमरनाथ यात्रा

52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथजी यात्रा आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी के पहलगाम और बालटाल मार्ग से शुरू हुई। यह यात्रा 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन सम्पन्न होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पर सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा से जुड़ी यह यात्रा भगवान शिव के भक्तों में अपार ऊर्जा का संचार करती है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की परम्परा और निरंतरता का शाश्वत प्रतीक है।

## मौसम

**और अब एक नजर मौसम पर......** राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दोपहर बाद रुक–रुककर बारिश का दौर जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज से 3 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि देहरादून और हरिद्वार सहित कुछ अन्य जिलों में कल के लिए भारी बारिश की संभावना जताई है। राज्य में बारिश की संभावना को देखते हुए विभाग

ने चारधाम यात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देखकर यात्रा करने की अपील की है। साथ ही बारिश होने पर सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी है।

**<u>फाइनल मुकाबला</u>**

**और अब ख़बर क्रिकेट से..........**

टी20 विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। बारबाडोज में खेले जाने वाला ये मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पिछले विजेता इंग्लैंड को 68 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई।